जब यह बच्चा 2 वर्ष का हुआ तो उसको काले नाग न काट लिया जिसक कारण उसकी मृत्यु हो गइ।

एक चिकित्सा-सबधी निरीक्षण क अनुसार ऊपर

वाले सिर का अपना मस्तिष्क ओर स्नायु-तत्र था। इस बच्चे की दोनो खोपडिया लदन के रॉयल कॉलेज आफ सर्जरी मे सुरक्षित हैं।

फ्रैंक लैंटिनी तीन टागो का अजूबा

आपने कुछ ऐसे व्यक्ति देखे होगे, जिनकी उगलिया अधिक होती हैं, परतु जब फ्रैंक लेंटिनी (Frank Lentini) पैदा हुआ था, तो एक पूरी टाग, दो टागो क अतिरिक्त उसकी पीठ से बाहर निकली हुई थी।

फ्रैंक हमेशा कहा करता था कि यह फालतू टाग कभी भी मेरे लिए रास्ते मे रुकावट नही बनी। बहरहाल वह इस फालतू टाग की सहायता से चल नही सकता था, क्योकि वह दूसरी टागो की अपेक्षा काफी छाटी थी।

हैरी लोस्टन जो उसके साथ सर्कस म काम किया करता था, ने बताया कि वह इस टाग को स्टूल के स्थान पर इस्तेमाल करता था। शायद विश्व मे वह अकेला व्यक्ति होगा, जो जहा चाहे जिस समय चाहे, बैठ सकता था। उसे कभी इस बात की आवश्यकता नही हुई कि कुर्सी या स्टूल को खीचकर लाए ओर फिर बेठे।

फ्रैंक इस टाग की सहायता से गेद का ठोकर भी लगा देता था, जो उसके सर्कस के अन्य साथिया के लिए आश्चर्यजनक था।

फ्रैंक लेंटिनी 1889 मे सिसली (Sicily) के एक कस्बे रोजोलिनी (Rosolini) मे पैदा हुआ। वह एक आकर्षक ओर सामान्य व्यक्ति था। जब लेंटिनी का परिवार अमरीका आया तो फ्रैंक उस समय बच्चा था। कई वर्षो तक फ्रैंक रिगलिग ब्रदर्स, बर्नम ऐण्ड बेली और कई दूसरो के साथ रहा। यद्यपि यह फालतू टाग उसके लिए रुपया कमाने का साधन थी, परतु फ्रैंक को कभी भी इस प्रदशन पूर्ण जीवन से सताप न था। इसलिए उसन टाग को कटवाने क लिए सोचा। परतु सर्जनो ने टाग का आपरेशन कराना अत्यत खतरनाक बताया, इससे मत्यु भी हो सकती ह ओर वह पूर्णत अपग भी हो सकता ह।

नवयुवक लेंटिनी के लिए यह अतिरिक्त टाग एक परेशानी बनी हुई थी। लाग उसकी टाग की आर देखत रहते। उसके कान सहानुभूतिपूर्ण शब्द सुन

फ्रैंक लैंटिनी जिसके तीन टाग थी

सुनकर पक चुके थे। उसे अपने आप से नफरत हा गई थी। उसक साथी उसक मन का बहलाने की कोशिश करत, परतु वह कभी इस बात को मानन के लिए तैयार न हुआ कि जीवन चाहे कसा हो गुजारने याग्य हे।

एक दिन उसे अपगो के एक अस्पताल मे जाने का इत्तफाक हुआ। उसन देखा कि किसी का जीवन अधेपन के कारण बिल्कुल अधकार म कट रहा है, तो कोई लगडपन के कारण चलन म मजबूर ह, परतु इन सब अपग बच्चा म कोइ भी भाग्य मे शिकायत नही

कर रहा था बल्कि वह बेहतर से बहतर काय करने मे तल्लीन थे। उसने अत म बताया, "इस अस्पताल को देखन म मुय दख अवश्य हुआ कि जीवन मे इतनी विपत्तिया और कष्ट ह परतु एक बात बहुत अच्छी हुइ कि मैंन बाद म कभी भाग्य का रोना नही रोया। मैं सोचता ह कि जिदगी समस्त मसीबतो और कष्टो क बावजूद सुदर है और जीवन व्यतीत करने के योग्य ह।

इस प्रकार ब्रोटनी न अपनी फालतू टाग को खुशी से स्वीकार कर लिया। वह कहा करता कि मैं हर काम कर सकता हू, जो एक साधारण (नार्मल) व्यक्ति करता है। चलना, दौडना, कूदना, घुडसवारी, साइकिल चलाना, सक्षप मे यह कि सभी कार्य वह सरलतापूर्वक कर लेता था। इन तमाम बातो क अतिरिक्त वह अन्य लोगो से इसलिए भिन्न था, क्योकि वह अपनी फालतू टाग को इस्तमाल म लाता था और उससे कई प्रकार के काम लेता था।

फ्रैंक न अपने लिए एक घर लिया और उसन अपनी शादी भी की। इतना ही नही तीन पुत्रो ओर एक पुत्री का पिता भी बना।

सर्वाधिक मोटे और पतले इसान

सर्वाधिक मोटे इसान

राबर्ट अल ह्यूज

रॉबर्ट अर्ल ह्यूज आधे टन का व्यक्ति

रॉबर्ट अल ह्यूज (Robert Earl Hughes) मन 1926 मे इलिनॉय (म रा अ) म पदा हुआ था। पैदाइश के समय उसका वजन 5 22 किग्रा था। अभी वह तीन महीने का ही था कि उसे खासी का दारा पडा। उसके माता-पिता समझते थे कि इम खामी क कारण उसके टॉसिलो म खराबी पैदा हो गइ है।

जीवन क कुछ ही वर्षो मे उसके वजन म इतनी वद्धि हुई, जो इससे पूर्व इतिहास म कभी नही हुइ थी। 6 वर्ष की उम्र म वह 92 08 किग्रा का था। चार वप बाद 171 46 किग्रा हो गया। 18 वप की उम्र म 314 34 किग्रा और 25 वर्ष की उम्र तक पहुचत-पहुचत उसका वजन 405 51 किग्रा हो गया।

फरवरी 1958 म ह्यूज का वजन 485 किग्रा था। चिकित्सा विज्ञान क इतिहास मे आज तक उमस अधिक वजन किमी भी व्यक्ति का नही हुआ। वह बड गव स कहा करता था कि उसकी कमर 309 0 समी (122), छाती 315 समी (124) 355 6 सेमी (140") चाडे ह।

ह्यूज ने खत म काम करना
ही वह इस काय के अयोग्य

व्यक्ति के लिए एक ही स्थान और काम उपयुक्त रह जाता है और वह है—सर्कस। यही वह स्थान था, जहा उसने अपने जीवन के शेष दिन गुजारे। वह बोरे जैसे ढीले-ढाले कपडे पहनता और अक्सर बगैर जूतो के नगे पैर चलता। इसलिए नहीं कि वह एक किसान का बेटा था बल्कि इसलिए कि झुक कर बूटो के फीते बाधना उसके लिए असभव था।

सन 1958 में जब यह बेहद भारी लडका अपनी सर्कस कम्पनी के साथ इंडियाना की यात्रा पर था, तो एक ट्रक के ट्रेलर में बैठा रहता था। जुलाई में ह्यूज को खसरे का ज्वर हो गया परतु ब्रमन कम्यूनिटी अस्पताल में उसके नाम का कोई बिस्तर नहीं था और कोई भी दरवाजा इतना चौडा न था कि वह उसमें से गुजर पाता। अत ह्यूज को अपने ट्रेलर ही में लेटे रहना पडा।

नर्सों और डॉक्टरों का एक पूरा जुलूस उसके ट्रेलर के आसपास रहता। किसी तरह उसे खसरे से तो मुक्ति मिल गई परतु एक और घातक बीमारी युरेमिया (Uraemia) उसे लग गई। इस बिमारी के कारण उसके गुर्दों ने काम करना बद कर दिया और उसके रक्त में जहर फैल गया। इस प्रकार 10 जुलाई 1958 को अल ह्यूज की मृत्यु हो गई।

13 जुलाई को ह्यूज के जनाजे का एक बेहद दर्शनीय दृश्य था। ह्यूज के चित्र हाथो-हाथ बिक रहे थे और मृत शरीर के फोटो धडा-धड खीचे जा रहे थे। उसे दफनाने के लिए पियॉनो केस के आकार का ताबूत बनवाया गया था, जो 215 9 सेमी (85") लम्बा, 132 05 सेमी (52") चौडा और 86 36 सेमी (34") गहरा था। यह ताबूत एक ट्रक पर क्रेन द्वारा लाद कर

रॉबर्ट अल ह्यूज

लाया गया था। कब्रिस्तान के चारो ओर सर्कस का खेमा खडा किया गया और 12 व्यक्तियो की सहायता से ह्यूज का भारी ताबूत रोलरो और तख्तो की मदद से कब्र में उतारा गया। एक समाचार पत्र के अनुसार, "इस प्रकार दुनिया के सबसे भारी-भरकम व्यक्ति का अंतिम सस्कार हुआ, जो न केवल वजन और माप में बडा था, बल्कि हृदय का भी बडा था।

जॉनी ऐली

जॉनी ऐली (Johnny Alee) को आज तक का ससार का सर्वाधिक वजनी व्यक्ति कहा जा सकता है। कहा जाता है कि उसका वजन 513 38 किग्रा अर्थात् रॉबर्ट अर्ल ह्यूज से भी 28 58 किग्रा अधिक था।

ऐली कार्बण्टन (Carbonton) उत्तरी केरोलिना (स रा अ) मे 1853 इ मे पैदा हुआ था। यद्यपि वजन से वह एक भारी लडका अवश्य था, परतु अन्य मामलो में वह बिल्कुल सामान्य ओर स्वस्थ था। 10 वर्ष की उम्र म उसकी खाने की आदत नियत्रण से परे चली गई, जिससे उसका वजन आकाश से बाते करने लगा। 5 वर्ष मे ही उसका डील-डाल इतना भारी हो गया कि अपने घर के मुख्य दरवाजे से गुजरना उसके लिए कठिन हो गया। उसकी जाघे इतनी मोटी थी कि एक व्यक्ति की दोनो बाहे उसकी एक जाघ को अपने मे समेट न सकती थी।

जॉनी ऐली के बेठने के लिए एक विशेष प्रकार की कुर्सी बनवाई गई थी, जो उसके वजन को सभाल ले। वह इतना भारी था कि अपने पावो के सहारे, बिना किसी की सहायता के उठ न सकता था।

1887 की बात हे। एक दिन वह अपनी छत पर चल रहा था कि उसके वजन के जोर से छत एकदम गिर पडी। उसके मित्र उसकी सहायता को दौडे, परतु इससे पहले कि उसे उठाया जाता, उसकी सास बद हो गई। डाक्टरो की रिपोर्ट के अनुसार भय के कारण उसके हृदय ने कार्य करना बद कर दिया था।

जैक इकर्ट

जेक का वजन 335 20 किग्रा और उसकी कमर का घेरा 474 38 मेमी (187) था। सर्कस म लोग उसे 'हसमुख जैक इकर्ट' कहा करत थ। परत् केसा हसमुख? भारी लटकती हुई छाती और लम्बा-चोडा पट, जो घुटनो तक लटका रहता था। क्या इस कुरूपता ने उसे कम परेशान किया होगा। जब वह बैठता था, तो मास के पवत जैसा लगता था, परतु फिर भी जैक लोगो के सामन हमेशा अपने चेहरे पर हसी ओर मुस्कान बनाए रखता था। ऐमा उस मजबूरन करना पडता था, क्योकि वह सर्कस का एक वेतनभोगी नौकर था। उसके दिल पर क्या बीत रही थी, यह शायद कोई नही जानता था।

फिर भी उस मोटे व्यक्ति ने सर्कसो और नुमाइशो मे अपना विशेष स्थान बनाया। 'बर्नम ऐण्ड बेली' के साथ उसने अटलाटिक महासागर की यात्रा की । वह शिकागो म होने वाले विश्व मेले ओर सान फ्रासिस्को की पनामा नुमाइश मे भी गया। इस प्रकार वह 10 वर्ष तक सर्कसो ओर नुमाइशो मे लोगो को हसाता रहा।

इकर्ट को चलने मे बहुत कठिनाई होती थी। उसने अपना घर एक टक पर बसाया था। फरवरी 1939 की बात है। एक दिन वह मारडी ग्रस सर्कस मे भाग लेने के लिए जा रहा था कि रास्ते मे उसका ट्रक एक दूसरे, तेज रफ्तार स आ रहे टक से टकरा गया, जिससे वह जख्मी हा गया। दूसरे इकर्ट को एम्बलेस मे डालना एक ओर मुसीबत बन गया। इसके लिए 10 व्यक्तियो को काम में लगाना पडा। यही नही, अम्पताल मे दो अधिक बिस्तरा की व्यवस्था भी करनी पडी। इस सबके बाद भी जेक इकट का बचाया न जा सका। कुछ

जैक इकर्ट—जिसका वजन 335 20 किग्रा था

बेबी रूथ पोण्टिको का वजन 369 68 किग्रा था

दिनो के पश्चात उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय वह 62 वर्ष का था।

जैक इकट के लिए ताबूत भी एक विशिष्ट आकार कर बनवाया गया था।

बेबी रूथ पोण्टिको

बेबी रूथ पोण्टिको (Baby Ruth Pontico) का वजन 369 68 किग्रा था। इसी विशिष्टता के कारण हजारों लोग उसे एक नजर देखने के लिए उसके खेमे के बाहर चक्कर लगाते रहते। उस समय वह रॉयल अमेरिकन शो के साथ ठहरी हुई थी।

बेबी रूथ 1904 में इण्डियाना (सं रा अ) में पैदा हुई थी। उसकी मां भी एक मोटी औरत थी जो उससे पूर्व रिंगलिंग ब्रदर्स के सर्कस में काम करती थी। उसका वजन 272 15 किग्रा था। इस प्रकार रूथ को मोटापा अपनी मां से विरासत में मिला था। उसने स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने के बाद टेलीग्राफ कम्पनी में नौकरी शुरू की परन्तु वह इतनी मोटी हो गई थी कि केवल सरकस और नुमाइशों के अलावा और कोई काम नहीं कर सकती थी। अन्त में रूथ को भी सर्कस में भरती होना पड़ा। वहां उसकी भेंट एक ऐसे व्यक्ति से हुई जो शायद रूथ के लिए ही बनाया गया था। उस व्यक्ति का नाम जॉय पोण्टिको था जिसका वजन 316 15 किग्रा था। दोनों ने एक दूसरे को देखा और सोचा कि हम दोनों एक दूसरे के लिए बनाए गए हैं और उन्होंने शादी कर ली।

बेबी रूथ बहुत हंसमुख महिला थी। उसने 300 डालर प्रतिदिन की दर से धन कमाया, परंतु इसके बावजूद वह पूर्णतया खुश न थी। उसके भारी वजन ने उसे सामान्य लोगों जैसा जीवन व्यतीत करने से वंचित रखा। उसके उपयोग की लगभग प्रत्येक वस्तु विशेष आकार की, आर्डर देकर बनवाई जाती थी। घर के दरवाजे पलंग, कुर्सी, मेज, जूते, वस्त्र आदि सभी कुछ औरों से भिन्न प्रकार के थे। रूथ जब घर पर होती तो निरंतर कुर्सी पर बैठी रहती। अपने आप पहलू तक बदलने से लाचार थी। कमरे में कुछ कदम चलने तक के लिए वह बेचारी तरसती रहती थी।

जोली इरेन

2 दिसम्बर 1937 को न्यूयॉर्क टाइम्स में छपा था—"पिछली रात्रि ऐमाण्डा सिबर्ट (Amanda Siebert) सर्कस की मोटी महिला स्टिलवेल एवेन्यू (कोनी आइलैंड) में स्थित अपने कमरे में बिस्तर से गिर गई। पांच तगड़े-तंदरुस्त पुलिसमेनों की सहायता से उसे पुनः बिस्तर पर डाला गया। उसका वजन 294 83 किग्रा था।"

जोली इरेन (Jolly Irene) ऐमाण्डा के व्यावसायिक नाम से प्रसिद्ध थी। सर्कस शो में वह अपनी मुस्कान की बदौलत पहचानी जाती थी। हजारों लोग जिन्होंने उसे देखा उसकी मुस्कान को हमेशा अपने मन में बसाए रखेंगे।

जोली इरेन 1880 में पैदा हुई थी। शुरू में वह बिल्कुल सामान्य किस्म की थी। 1901 में, जब वह 21 वर्ष की थी, 54 42 किग्रा वजन की सुंदर युवती थी। अपनी शादी के एक वर्ष बाद उसने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया और उसी समय से उसके हार्मोंस में खराबी आ गई। उसके वजन में तेजी से वृद्धि होने लगी। कम खुराक के बावजूद उसका मोटापा बढ़ता ही गया। इस मोटापे से केवल एक लाभ हुआ कि उसे सर्कस कम्पनी में उसे नौकरी मिल गई। अब वह कोनी आइलैंड में रहने लगी। वहां उसने दूसरी शादी की। जब वह 60 वर्ष की हुई तो बीमार पड़ गई और उसका वजन कम हो गया। नवम्बर 1980 में मृत्यु के समय वह 226 8 किग्रा की थी।

एक मोटी औरत सेलेस्टा गेयर

डॉक्टर ने पूछा, "खूराक या मृत्यु।" मोटी औरत ने बडे ध्यान से सुना। वह पचास वर्ष से बढ़ती भूख के अनुसार अपनी खूराक बढाती आ रही थी। अब यदि वह 2 27 किग्रा मास, चार बडे बन, आलुओ का बडा-सा ढेर, एक गेलन दूध, केक, पेस्ट्री, आइस्क्रीम *आदि इतना सब कुछ न खाती तो रात को सो न पाती।* खूराक की बढती मात्रा के ही कारण वह दिन प्रतिदिन इतनी मोटी होती चली गइ कि चद सासो के लिए अस्पताल मे पडी तडप रही थी। उसका ब्लड प्रेशर 240 हो गया था। पाच हृदय-विशेषज्ञ उसकी ECG रिपोर्ट देखत और निराशा से सिर झटक देते। उसका वजन 251 74 किग्रा था और यह भारी वजन ही उसके हृदय के लिए जहर के समान था।

डॉक्टर ने कहा, "खाना खाओ या जीवित रहो। दोनो काम एक साथ नही चल सकते।"

भूख और जिदगी के अतर्विरोध की यह घटना सेलस्टा गेयर के जीवन से सबधित है, जो 18 जुलाई 1901 को सिनसिनाटी, ओहायो (स रा अ) मे पैदा हुइ थी। जन्म के समय सेलेस्टा एक सामान्य और स्वस्थ बच्ची थी। उसका वजन 3 40 किग्रा था। उसे ग्लैण्ड सबधी किसी प्रकार की कोई बीमारी भी नही थी परतु उसकी मा जर्मन थी। जर्मन लोग खाने-पकान मे विशेष रुचि रखत ह। उस समय के माता-पिता समझते थ कि स्वस्थ बच्चा वह होता है, जो खूब मोटा-ताजा हो। अत सलेस्टा न भी ज्यादा खाने की आदत बना ली और खाना ही उसके जीवन का अभिशाप बन गया।

सलेस्टा जब 5 वर्ष की हुई तो उसका वजन 68 04 किग्रा हो गया। उसके साथी उसे 'मोटी-मोटी कह कर चिढ़ाते। मा उसे सात्वना देती कि अभी तुम बच्ची हो। परतु 11 वर्ष की उम्र मे जब उसकी टीचर ने कहा कि उसे वाई डब्ल्यू सी ए मे जाकर तैरना चाहिए, ताकि उसका वजन कम हो सके। सेलेस्टा न इस पर अमल शुरू कर दिया, परतु इस व्यायाम ने उसकी भूख मे और ज्यादा वृद्धि कर दी। वह पहले से भी अधिक खाने लगी। स्कूल मे उसके लिए बैठना मुश्किल हो गया। उसकी सीट उसके शरीर को देखते हुए बहुत छोटी लगने लगी। इसी तरह बढते-बढ़त 15 वर्ष की उम्र म 86 64 किग्रा और 21 वर्ष की उम्र म 118 39 किग्रा की हो गइ।

स्कूल छोडने के बाद सेलेस्टा ने कइ जगह नौकरी की। इस तमाम अर्से के दौरान उसका वजन तेजी से बढ़ता रहा जो अन्य लोगो के लिए मनोरजन का साधन बन गया। वह लोगो के मजाक सुनती तो हीनता से कुण्ठित हो जाती। घर जाती तो मा उसे बहलाने के लिए उसकी पसद के चटपट खाने दे देती जिससे उसका मन तो खिल उठता लेकिन वह बेचारी यह नही जानती थी कि वह अपन गले के नीचे जहर उतार रही है।

सेलेस्टा सुदर और आकर्षक तो थी ही, जल्दी ही फ्रैंक गेयर नाम का एक युवक साथी के रूप मे मिल गया और उन्होन 1925 ई मे विवाह कर लिया, लेकिन सेलस्टा की अधिक खान की आदत घटने के बजाय बढती ही गई। उदासी और गम मे अगर वह अधिक खाती तो खुश होने पर और अधिक। जब बीमा कम्पनी न उसकी प्रार्थना यह कहकर रद्द कर दी कि उसके जीवित रहने के अवसर बहुत कम है, तो उस दिन उसने खूब छक कर खाना खाया। जिससे उसे अत्यत आराम और शाति महसूस हुई।

अब वह अपने वजन के बारे म बहुत अधिक चिंतित रहन लगी। उसन डाइट पिल्ज (भूख कम करने की गोलिया) का इस्तेमाल शुरू कर दिया। उसकी ननद जो उसकी ही तरह मोटी थी डाइट पिल्ज इस्तेमाल किया करती थी। इन गोलिया का प्रभाव यह हुआ कि उसकी ननद की तो मत्यु हो गई। उसे पेशाब म विष और गुर्दो की बीमारी हो गई।

1927 की वसत ऋतु मे स्वस्थ होने के बाद सेलेस्टा अपने पति क सर्कस मे गई। वहा उसने एक और मोटी ओरत को देखा। सेलस्टा का वजन तब 155 38 किग्रा था। वह समझती थी कि वह उस औरत से कही अधिक भारी-भरकम होगी, परतु उसे निराशा हुई, क्योकि उस मोटी औरत जॉली पर्ल स्टीली का वजन 317 51 किग्रा था। उसने सेलस्टा को भी सर्कस शामिल होने का परामर्श दिया और उसने ...
सामन टिकट सेलर की नौकरी का ...
दिनो पश्चात् पति-पत्नी दोनो
प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और
दौरान उसकी गिनती म

उल्लखनीय मोटी महिलाओ म की जाती रही। सलस्टा न अपना व्यावसायिक नाम, 'जॉली डॉली गयर' रखा। अपने पेशे क कारण उसे सारे अमेरिका और कैनाडा म घूमन का मोका मिला। 1930 मे जब वह घर वापस आइ तो उसको एक ओर मोटी ओरत बर्बी स्थ मिली जो रिंगलिंग ब्रदस क सर्कस मे थी।

सन् 1939 म सलस्टा का वजन 226 08 किग्रा से भी काफी बढ़ चुका था। उस दुनिया की सबसे सुदर मोटी महिला क नाम स याद किया जाता रहा। इस बीच अपनी आय बढ़ान क लिए उस ज्योतिष का काम शुरू करन का विचार सझा। इसलिए शीत ऋतु म, जब नुमाइश न होती तो वह ज्योतिषी बन जाती।

अब सलस्टा न फ्लोरिडा म अपन शरीर के अनुकूल एक घर बनवाया जिसका फश ककरीट से बनाया गया ताकि गिरन की आशका न रहे। उसम विशष प्रकार का एक टॉयलट और फावारा भी था। घर का सारा फर्नीचर बहद मजबूत और ओसतन आकार से बडा था तथा दरवाज अधिक चौड थे।

सलस्टा क बड आकार और बडी सफलता ने उसक लिए अनक समस्याए भी पैदा कर दी। अब उस चलन म बहुत कठिनाइ होती। एक बार वह अपनी एक सबधी स मिलन गई तो उसक टखने बुरी तरह सूज गए और अचानक उसकी सास घुटन लगी। फैमिली डॉक्टर न उसकी जाच की और शीघ्र ही अस्पताल पहुचान की सलाह दी।

सलस्टा को जब फ्लोरिडा के ऑरज ममोरियल अस्पताल मे ल जाया गया तो वह लगभग बहोशी की हालत म थी। एक-एक सास क लिए वह तडप रही थी। उसी अवसर पर डॉक्टर न भाग्य का फैसला सुनात हुए कहा था—'सगक यानी मृत्यु। तुम्ह खुराक अथवा जीवन म एक का चुनना होगा।" अत सलस्टा को अस्पताल म बहुत सतुलित खुराक दी जान लगी। धीर-धीर उसका हृदय स्वस्थ होन लगा और वजन घटन लगा परन्तु वजन कितना कम हुआ इसका अनुमान लगाना कठिन था क्योंकि वजन लन क जो उपकरण तब अस्पताल म उपलब्ध थ, व सेलेस्टा के गिरे हुए वजन की तोल कर पाने म भी अक्षम थे। कई सप्ताह बाद उसे घर जाने की अनुमति मिली। घर के रास्ते मे सेलेस्टा और फ्रैंक ट्रकों को तोलने वाले सरकारी स्टेशन पर रुके। वहा उसका वजन 236 97 किग्रा निकला, यानी पहले से 14 06 किग्रा कम हो गया था। कितु दुनिया की उस अत्यत सुदर मोटी महिला के लिए यह मुश्किल था कि दिन म केवल 800 केलोरी की खुराक खाए, फिर भी उसे इस पर अमल करना पडा और इस प्रकार उसका वजन 226 8 किग्रा से भी कम हो गया। 5 महीने पश्चात् वह केवल 183 7 किग्रा की रह गई।

धीर-धीरे उसका वजन ओर कम होता गया। वजन घटाना अब उसके जीवन का मुख्य लक्ष्य बन चुका था।

जुलाई 1950 मे सलेस्टा ने अपनी बहन के घर म अपनी पचासवी वर्षगाठ मनाइ। उस अवसर पर उसका वजन 69 85 किग्रा था, जो धीर-धीर और कम होता जा रहा था। उसका सीना जो पहल 436 38 सेमी (172) था, अब केवल 96 52 समी (38') रह गया था और उसकी 157 48 समी (62") की कमर घटकर आधी हो गइ थी। उसक कूल्ह जो पहल 213 36 सेमी (84) थ, अब 106 68 समी (42) रह गए थे।

सलस्टा क वजन म यह आश्चर्यजनक कमी एक चमत्कार की तरह थी। अखबार वाला न जब इस सबध म सेलस्टा स भेट की, तो उसन कहा, "वस्तुत यह बहुत सरल ह, अर्थात् सभी को सतुलित भोजन लना चाहिए।" उसने उन्ह यह भी बताया कि वह सिर्फ सब्जियो, फलो और मास पर निर्भर रही है, चीनी और हर प्रकार की मीठी चीजो क पास तक नहीं गइ है।

सलस्टा गयर क वजन म 181 4 किग्रा की यह कमी वास्तव म अद्भुत और आश्चयजनक है। इस दृष्टि स इस बारे म उसन जो प्रयत्न किए उन्ह शरीर और आदत पर मानसिक शक्ति की विजय की कहानी कहा जा सकता है।

जीवित इसानी ककाल

क्लॉद सुरात

इग्लेंड मे 1820 मे एक प्रसिद्ध जीवित ककाल की नुमाइश की गई। उसका नाम क्लॉद सुरात (Claud Seurat) था ओर वह फ्रास का निवासी था। सन् 1798 मे उसका जन्म हुआ था। उसकी त्वचा हड्डियो पर इस प्रकार मढ़ी हुई थी जिससे उसका शरीर एक ककाल (ढाचे) की भाति बन गया था। उसके हृदय को धडकते हुए देखा जा सकता था। उसकी आवाज बहुत कमजोर आर बारीक थी। सुरात का स्वास्थ्य अच्छा था। भोजन मे वह थोडी सी शराब और एक रोल लेता था।

काल्विन एडूसन

काल्विन एडूसन (Calvin Edson) नामक और एक नर ककाल न मई 1829 मे टमेनी हाल (Tammany Hall), न्यूयॉर्क मे अपनी नुमाइश की। 44 वर्ष की उम्र मे उसका वजन केवल 27 22 किग्रा था।

आइजक स्प्रैग

क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति की कल्पना कर सकते हैं, जिसकी बाह छडियो जसी प्रतीत हो ओर उसके घुटने उसकी सारी टाग में सबसे अधिक चाडे हो। ऐसे ही एक व्यक्ति का नाम आइजक स्प्रग (Isaac Sprague) है। स्प्रैग 21 मई को पूर्वी ब्रिजवाटर, मसाचुसट्स (स रा अ) मे पदा हुआ था। वह एक स्वस्थ बच्चा था। उस तरने का बहुत शोक था। 12 वर्ष की उम्र मे उसक वजन म असाधारण तोर पर कमी होनी शुरू हा गइ। सन् 1864 म उसकी हालत काफी खराब हा गई। अगले वर्ष वह अपने भाई के साथ सर्कस देखने गया। सकस वाल इस किस्म के अजूब एकत्र करते ही हैं। स्प्रैग को देखत ही उसे सर्कस म शामिल होने का आमंत्रित किया गया, जिस स्प्रैग ने स्वीकार कर लिया।

उस बर्नम के सर्कस म सुरक्षित स्थान मिल गया। स्प्रग उन दिनो बर्नम की अमरीकन म्यूजियम मे था, जब 1868 म वहा आग लगी थी, बनम के मुलाजिम एक आर म्यूजियम के लिए सामग्री एकत्र कर रह थे ओर स्प्रैग अपन लिए एक पत्नी की तलाश म था।

आइजक स्प्रैग अपन परिवार के साथ

स्प्रैग ने कई सर्कसा मे अपनी नुमाइश की। एक पुराने सर्कस क शाकीन ने इन शब्दो म उसका चित्रण किया था—"मने अत्यत पतल व्यक्तिया का दखा आर महसूस किया कि व चिडियो जितनी खूराक खात होग, परतु जब मेंने स्प्रग को देखा ता मुझ अपना विचार बदलना पडा, क्याकि स्प्रग क खान की मज पर इतन प्रकार का भोजन पडा था जा एक दत्याकार व्यक्ति के लिए भी अधिक हाता। जब स्प्रग खा-पी चुका ता

जम्स डब्ल्यू कोफी

सारी मेज साफ पड़ी थी। जम्बू हाथी को दिए जाने के लिए बचाए गए रोटी के एक टुकड़े के अलावा उसने कुछ भी न छोड़ा था।

स्प्रग की उम्र जब 48 वर्ष, वजन 23 59 किग्रा और कद 167 64 सेमी (5 6") था, तब उसने शादी की और दो पुत्रों का पिता बना।

जेम्स डब्ल्यू कोफी

एक और जीवित ककाल जेम्स डब्ल्यू कोफी (James W Coffey) के नाम से प्रसिद्ध था। वह अत्यंत शाहाना लिबास पहनता, जो उसके पतले शरीर पर चुस्त होता, जिससे उसके शरीर की हड्डिया ज्यादा स्पष्ट दिखाई देती। जेम्स 11 मार्च 1852 मे ओहायो (Ohio) मे पैदा हुआ। उसका कद 167 64 सेमी (5 6) और वजन लगभग 32 किग्रा था।

काफी कई वर्षो तक अमरीका और यूरोप के सर्कसो में अपनी नुमाइश करता रहा। वह कहा करता था–' मै शादी करना चाहता हू, परतु कोई महिला यह नहीं चाहती कि उसका काफी इतना पतला हो।'

पैट रॉबिसन

सर्कस के प्रचार विभाग से सबधित लोग हमेशा यह चेष्टा करते हैं कि किसी प्रकार एक दीर्घकाय आदमी और एक ठिगनी औरत या मोटी महिला और जीवित नर ककाल की शादी हो जाए। यदि वे अपनी कोशिश मे सफल भी हो जाए तो वह शादी अधिक समय तक कायम नही रहती।

सन् 1924 मे इसी प्रकार की शादी हुई थी, जो बहुत ही सफल सिद्ध हुई। यह शादी पैट रॉबिसन (Pat Robinson), जिसका वजन 26 31 किग्रा था और बनी स्मिथ (Bunny Smith) नामक एक मोटी महिला, जिसका वजन 211 83 किग्रा था, के बीच हुई थी। शादी के बाद कोनी आइलैंड मे समाचार पत्रो के सवाददाताओ ने उन्हे नाश्ते के अवसर पर एक-दूसरे की मदद करते हुए देखा था।

बालो वाले लोग

कुछ लोगो की पूरी की पूरी नस्ल दूसरे व्यक्तियो की अपेक्षा अधिक बाला वाली होती है। आस्ट्रेलिया के प्राचीन निवासी और होक्केदो नामक जापानी द्वीप के आदिवासी आइनू (Ainus) इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

इस प्रकार के कइ लोग हमे प्राय दिखाइ देते हे, जिनके चेहरे ओर गरदन आदि पर इतने वड-बड बाल उग होत हैं कि वह किसी शेर या अच्छी नस्ल के कुत्ते से मिलते-जुलते दिखाई देते हैं। ऐस ही कुछ प्रसिद्ध लागा का विवरण नीचे दिया जा रहा ह।

बारबरा उर्सलर

सौ वर्ष पूर्व ओग्जबग (जर्मनी) मे बारबरा उर्सलर (Barbara Ursler) नामक एक अजीबोगरीब महिला हुई, जिसका सम्पूर्ण चेहरा बडे, घने ओर मोटे बालो से ढका हुआ था। उसके समस्त शरीर पर बाल ही बाल थे। उसकी दाढी, उसकी कमर तक लटकी हुई थी। बारबरा ने एक व्यक्ति से विवाह भी किया था।

कुत्ते की शक्ल का लडका

सन् 1884 म 'बनर्म एण्ड बेली' नामक स[illegible] कम्पनी एक बालो वाला लडका अमरीका लाइ थी। सिर से पर तक लम्बे-लम्बे बालो वाल उस लडक का नाम फदार जेफ्तिचिउ (Fedor Jeftichew) था, जिसे 'कुत्ते के चेहर वाला रूसी लडका' कहा जाता था। फदोर के पिता का शरीर भी बाला स भरा हुआ था। उसक सबध म कहा जाता था कि वह मध्य रूस के जगलो म रहा करता था। एक शिकारी किसी तरह उसकी गुफा तक पहुच गया, जहा उसने उस जानवरनुमा व्यक्ति को देखा वहा बाप आर बेटा दोना छाट-छोटे जगली जानवरो का पत्थर म मारकर अपना पट भरते थे। यह देखकर शिकारी न अपने गाव क कुछ व्यक्तियो का साथ लिया आर गफा का घेरकर उन दाना को पकड लिया।

फेदोर जब न्यूयॉर्क मे लोगा क सामन लाया गया ता वह रूसी फोजी वर्दी पहन हुए था। वह रूसी आर जर्मन भापाए बाल लेता था। अमरीका म उसने थोडी अग्रेजी भी सीख ली थी। जब वह नाराज हा जाता था, तो कुत्ते की तरह भाकता आर चिल्लाता था। इन सब बाता के बावजूद वह एक इसान था।

बर्मा क इस परिवार क तमाम सदस्या क अत्याधिक बाल थ

जूजू कत्ते की शक्ल का लड़का

लॉयनल जो शेर की शक्ल का था

'लॉयनल' शेर की शक्ल का आदमी

लॉयनल (Lional) का असली नाम स्तेफिन वैब्राविस्की था। सन् 1890 म पोलड के बिल्जगोरा नगर म वह पैदा हुआ था। अपने 6 बहन-भाइयो म वह चौथे नम्बर पर था। उसके माता-पिता बिल्कुल सामान्य किस्म क थ लकिन उसक चेहर पर इतने अधिक बाल थ कि वह शेर की तरह दिखता था। उसका सम्पूर्ण चहरा बालो म इस प्रकार ढका हुआ था कि उसकी त्वचा का कोई भाग दिखाई नही देता था। उसक दाढ़ी नही थी और उसकी भाह व पलके बिल्कुल सामान्य थी। केवल उसक सिर पर बालो का एक कबल जैसा था, जिसम बाल बहुत घन और लम्बे थे। उसके कानो और नथनो म इतने अधिक बाल थ कि सेकडो की सख्या मे बाहर निकले दिखाइ देते थ। लायनल क दात केवल दो ही थ, एक ऊपर वाले जबडे मे और एक निचले म।

लॉयलन को यूरोप मे भी कई नुमाइशो मे प्रदर्शित किया गया। सन् 1923 मे वह फिर अमरीका वापस लौट गया। उसका वजन लगभग 70 किग्रा व कद 170 18 सेमी (5 7) था और वह 5 भाषा बडे प्रवाह से बोल लेता था। उसकी आय एक सप्ताह में 500 डालर स कम न थी। लॉयनल आजीवन कुवारा रहा और सन् 1931 म बर्लिन के एक अस्पताल म उसकी मृत्यु हो गई।

सबसे बडी दाढ़ी

लुई गोला (Louis Goulon)

लुई गोला अपने समय का ससार का सबसे लबी दाढ़ी वाला व्यक्ति माना जाता है। उसकी दाढ़ी 251 46 सेमी (8'3") लम्बी थी। वह फ्रास के एक स्थान मोतेकिन का रहने वाला था। गोला ने 12 वर्ष की उम्र मे दाढ़ी बनानी शुरू कर दी थी। उसकी मूछे इतनी तेजी से उग रही थी कि वह उसके काबू से बाहर हो गई। 16 वर्ष की उम्र तक आते-आते उसकी दाढ़ी 30 48 सेमी (1') हो गई थी आर 20 वप की उम्र म यह लम्बाई तिगुनी हो गइ थी।

ऐडम करफेन (Adam Kerffen)

सन् 1870 म शिकागा के ऐडम करफेन ने यूराप का दौरा *किया और अपनी दाढ़ी की नुमाइश की। उस* दौरान उसकी दाढ़ी 289 56 सेमी (9'6") लम्बी थी।

हैन लैंगसेथ (Han Langseth)

वाशिंगटन क स्मथ-सोयनन इस्टीट्यूट मे एक दाढ़ी को सुरक्षित रखा गया ह। यह दाढ़ी हैन लैंगसेथ की ह, जिसने अपने जीवन के अतिम 15 वर्ष अमरीका मे विताए थे। सन् 1927 म उसकी मत्यु हुई आर तब उसकी दाढ़ी की लम्बाइ 532 14 सेमी (17'6) थी।

सबसे बडी मूछ

मसुरियादीन

उत्तर प्रदेश (भारत) के मसुरियादीन को यह सम्मान प्राप्त हे कि उसकी मूछ दुनिया की सबसे वडी मूछ हे। सन् 1962 मे मसुरिया की मूछ 259 08 सेमी (8' 6) लम्बी थी।

सबसे लम्बे केश

पुरुषो न यदि लम्बी दाढ़ी और लम्बी मूछो मे कीर्तिमान स्थापित किए ह तो महिलाए सिर के केशो म अग्रणी रही ह। *सन् 1890 मे इस प्रकार की कई* महिलाओ के नाम सामने आए। उनम से एक का नाम मिस जेन ओवेस (Miss Jane Owens) था, जिसके सिर क बाल 251 46 सेमी (8 3) लम्बे थे।

हैन लैंगसथ जिसकी दाढ़ी की लम्बाई 17 6" थी

सूतरलैंड की सात बहने

यह सात बहन सारा, इजाबेला, नामी, मेरी ग्रेस, डोरा ओर विक्टारिया-लॉक्पाट (न्यूयॉर्क) की रहने वाली थी। साता बहना के बाल जमीन छते थे। सन् 1880 म उन्होने 'वर्नम ऐण्ड वली' नुमाइशी यात्रा की। उनके बालो की

भारत का मसरियादीन

1122 68 समी (36 10") थी। बाला क टॉनिक बनान वाली एक कम्पनी न उनके नाम को अपना ट्रेड मार्क भी बनाया था। उल्लखनीय है कि सात म से कवल दा बहना न विवाह किया था।

26 फुट लबे केश

सन 1949 म भारत का एक व्यक्ति लम्बे बालो क लिए बहत प्रसिद्ध हुआ उसके बाल 792 48 समी (26) लम्बे थ उसका नाम स्वामी पद्र साधी था।

हिराको यामाजाकी जिसके बालो की लम्बाई 2 32 मीटर थी

दाढी वाली औरते

इतिहास म एसी महिलाआ का उल्लख भी आता है, जिनक दाढ़ी थी ओर जिन्हाने लाककला, धर्म, इतिहास और थियटर क क्षेत्र म उल्लेखनीय कार्य किए। इस सदर्भ म सबस उल्लखनीय नाम नीदरलैंड की शासिका मारग्रट आफ पार्मा का है। एक ओर दाढ़ी वाली महिला स्वीडन की चार्ल्स सप्तम् की सेना म थी। जब वह रूसिया की कैद म गई ता रूस क जार क सम्पर्क म आई। जार उस बहुत प्रम करता था।

चिकित्सा-शास्त्र म इस प्रकार क दाष का हिरसूटियम, हाइपरट्राइकासिस (Hirsutium, hypertrichosis) अथवा पालिटाइकासिसि (Polytrichosis) कहत हैं। यह बीमारी वशानुगत ह जा किसी जन्मगत या वशागत कारण स होती है।

मैडम जोजफिन क्लोफुलिया

जन्म 25 माच 1831 का वरमुडक्स स्विट्जरलड म हुआ था। उसक जन्म पर उसक माता-पिता बहुत खुश हुए परतु जब उन्हान अपनी बटी क चहर पर दाढ़ी उगत हुए दखी ता उनकी खुशी जल्दी ही चिन्ता मैं बदल गई।

जब वह लडकी 8 वर्ष की हुई ता उसकी दाढ़ी दो इच लम्बी हा चुकी थी। उसक माता-पिता उस डाक्टरा क पास ल गए, परतु डाक्टर इस आश्चर्यजनक बीमारी का कोइ इलाज न कर सक।

जाजफिन बिना शेव किए ही स्कूल जाती थी। जब वह 14 वष की हुई ता उसकी दाढ़ी 12 7 समी (5") लम्बी हा चुकी थी। इसी दौरान उसकी मा का दहात हा गया ओर उसक पिता का अपन दूसरे बच्चा की देखभाल क लिए जाजफिन की शिक्षा समाप्त करानी पडी।

मैडम जोर्जफिन क्लोफुलिया

कुछ समय पश्चात् स्टेज शो वालों को इस लडकी का पता चला। उन लोगो ने उसके पिता क समक्ष जोजफिन के स्टेज शो करने का प्रस्ताव रखा। पहले तो जोजफिन का पिता इसके लिए तैयार न हुआ, किंतु अत मे सन् 1849 मे 'लाइज' के एक स्टेज शोमैन ने जोजफिन के पिता को काफी बडी रकम का प्रलोभन देकर तैयार कर लिया।

जोजफिन सबसे पहले जेनेवा, स्विट्जरलैंड मे लोगो के सामने आई, बाद मे वह फ्रास के कई नगरो मे भी गई। टर्विस मे जोजफिन की मुलाकात फरचू क्लोफुलिया (Clofullia) नाम के एक नवयुवक से हुई जो प्रसिद्ध पटर था। दोनो एक दूसरे को पसद आए और परस्पर शादी हो गई।

शादी के बाद जोजफिन के पिता उसे पेरिस ले गए। वहा अपनी धम मचाने के बाद जोर्जफिन लदन गई।

26 दिसम्बर 1851 को जोजफिन ने एक लडकी को जन्म दिया। वह लडकी कुल 11 महीने तक जीवित रही, किंतु उसकी मृत्यु के 6 सप्ताह बाद ही वह एक बेटे की मा बनी।

सन् 1853 म उसे 'बर्नम' सर्कस कम्पनी ने अमरीकन म्यूजियम न्यूयॉर्क मे पेश किया। उल्लेखनीय है कि जोजफिन का बेटा अल्बर्ट भी अपनी मा के शारीरिक प्रभावो से मुक्त न रह पाया। एक वर्ष की उम्र हाते-होते उसके चेहरे पर भी एक इच लम्बी दाढ़ी उग आई थी।

ऐनी जोस (Annie Jones)

यह दाढ़ी वाली लडकी स्मथ काउटी, वर्जीनिया (स रा अ) के एक स्थान मीरयान मे 14 जुलाई सन् 1965 को पैदा हुई थी। जन्म के समय चेहरा बालो से भरा हुआ था। 'बर्नम' ने इस लडकी की नुमाइश के लिए 150 डालर प्रति सप्ताह पर अनुबध कर लिया।

जब ऐनी ने सोलहवे साल मे प्रवेश किया तो उसकी दाढ़ी 15 24 सेमी (6) लम्बी थी। इसी बीच उसने शो के एक कर्मचारी रिचर्ड एलेट के साथ गुप्त रूप से विवाह भी कर लिया, जा 15 वर्ष तक सफल रहा। बाद मे उसने विलियम डोनवान से विवाह किया। इस दौरान एनी की ख्याति बहुत अधिक फैल चुकी थी। वह यूरोप के दौरे पर रवाना हो गई जहा उसने बहुत सा धन अर्जित किया।

अपने पति की मत्यु के बाद ऐनी की खुशिया समाप्त हो गई। ऐनी के लिए जीवन साथी के बिना जीवन का सफर जारी रखना कठिन हो गया।

कुछ समय बाद एनी बीमार हो गई। उसे तेज खासी आने लगी थी। पेरिस के एक अस्पताल मे इलाज के

ऐनी जास

फलस्वरूप उसे अस्थायी तौर पर कुछ लाभ पहुचा, लेकिन उसका स्वास्थ्य ज्यादा दिन ठीक न रहा और फिर खासी हो गई। मई 1902 म वह ब्रुक्लिन मे अपनी मा के पास चली गई। मा उसकी हालत देखकर बहुत चिंतित हुई। ऐनी ने अपनी मा से कहा, "मै समाप्त हो रही हू। मुझे अब आशा नही रही कि ज्यादा दिन जीवित रह सकूगी।" और ऐसा ही हुआ। 22 अक्तूबर 1902 को वह सदा-सदा के लिए इस ससार से विदा हो गई। इस समय उसका पार्थिव शरीर ब्रुक्लिन के एवरग्रीन कब्रिस्तान म मीठी नीद सो रहा है।

लेडी ओल्गा

लेडी ओल्गा 1871 मे उत्तरी करोलिना (स रा अ) के एक स्थान विल्मिग्टन (Wilmington) म पैदा हुई थी। उसका पिता जार्ज बानल एक रूसी यहूदी था और उसकी मा इण्डो-आयरिश थी। जब ओल्गा पैदा हुई तो उसके चेहरे पर बाल मौजूद थे। उसकी मा ने जो पढी-लिखी न थी, यह समझा कि लडकी मनहूस है परतु उसका पिता अधिक चिंतित न था। उसने मा से बढकर अपनी बेटी की देखभाल की। इस प्रकार सर्कस और नुमाइशो की दुनिया म एक और दाढ़ी वाली महिला ने पदार्पण किया। लेडी ओल्गा ने रिंगलिंग ब्रदर्स के सर्कस म काम किया। उसकी दाढ़ी 34 29 सेमी (13½") लम्बी थी जो उसकी छाती तक लटकती रहती थी।

दाढ़ी के अतिरिक्त ओल्गा के बडी-बडी मूछ भी थी, लेकिन बालो की इस विलक्षणता के अलावा वह अन्य सभी स्त्रियोचित लक्षणो से युक्त थी।

लेडी ओल्गा को सर्वप्रथम चार वर्ष की उम्र म नुमाइश के लिए पेश किया गया और उसके बाद 65 वर्ष तक वह नुमाइशो और सर्कसो की शोभा बनी रही। इस दौरान वह रिंगलिंग ब्रदर्स, बर्नम ऐण्ड बेली तथा रॉयल अमरिकन शो के साथ सबद्ध रही। सन् 1932 म उसने एक अमेरिकन फिल्म निर्माता टॉड ब्राउनिंग (Tod Browning) की अपने समय की, प्रसिद्ध फिल्म 'फ्रीक्स (Freaks) म एक दाढ़ी वाली महिला का अभिनय भी किया था।

ओल्गा ने अपना दाम्पत्य जीवन सर्कस के ही एक सगीतकार के साथ प्रारम्भ किया। उसके दो बच्चे भी हुए, किंतु उनम से जीवित कोई न बच सका। अत म उसके पति ने भी उसका साथ छोड दिया।

ग्रेस गिल्बर्ट

अपने पति की मृत्यु के बाद ओल्गा उदास हो गई। उसने एक अन्य सर्कस कम्पनी म नौकरी कर ली। वहा उसने सर्कस के ही एक और व्यक्ति से शादी की, परतु यह साथ भी छूट गया। ओल्गा की तीसरी शादी भी असफल रही। इस प्रकार एक वर्ष पश्चात् वह अपने चौथे भावी पति थॉमस बॉयल के अतरग सम्पर्क म आई और दोनो ने 1931 मे विवाह कर लिया।

ग्रेस गिल्बर्ट (Grace Gilbert)

सुनहरी दाढ़ी मूछ वाली यह लडकी सन् 1880 म कल्कास्का, मिशिगन (स रा अ) मे पैदा हुई। वह एक किसान की बेटी थी। जब वह पैदा हुई तो उसका सम्पूर्ण शरीर लाल रंग के बालो मे लिपटा हुआ था। छोटी उम्र म ही उसे नुमाइश म एक ऊनी बच्चे के रूप मे पेश किया गया।

स्टेला मैक ग्रगर

ग्रस की हल्क रग की दाढ़ी 15 24 सेमी (6) लम्बी थी। वह बिल्कुल पुरुपा की भांति सख्त स सख्त कार्य कर सकती थी, परतु वह पुरुप नही थी, क्योकि बालो क अतिरिक्त उसम सभी स्त्रियोचित लक्षण थे। अन्य महिलाआ की तरह ग्रस न भी शादी की थी। उसका पति मिशिगन का एक सफल किसान था। सन् 1925 म ग्रस की मत्यु हुई।

स्टेला मैक् ग्रेगर (Stella Mac-Gregor)

स्टेला मिशिगन म पैदा हुइ थी। उसकी बडी प्यारी-प्यारी भूरी आखे थी और भूरे रग की ही दाढ़ी थी, जो बहुत आकर्पक ढग से तराशी गई थी। उस दो बार शादी की थी। वह एक बहुत ही आकर्पक महिला थी। कर्नल जरी लिप्का की नुमाइशो और सर्कसो मे उसने काम किया था ओर ख्याति अर्जित की थी। वह न केवल नुमाइशो का आकपण बनी, बल्कि उसन अन्य पेश भी किए। सना म काम किया, कालामाजू कालज मिशिगन के अस्पताल मे नर्सिंग का प्रशिक्षण लिया ओर जब इससे भी सताप न हुआ तो मिशिगन विश्वविद्यालय म पढाना प्रारम्भ कर दिया ओर 'मास्टर' डिगरी प्राप्त की। उसन प्रतिभाशाली बच्चा के प्रशिक्षण का विशप अध्ययन भी किया था।

बदसूरत ससार

बदसूरत ससार

सर्वाधिक बदसूरत औरत जूलिया पैस्ट्राना

एक शताब्दी पूर्व जूलिया पेस्ट्राना (Julia Pastrana) का नाम बदसूरती के लिए प्रसिद्ध था। सारे यूरोप मे लोग किसी की बदसूरती को देखकर उसे 'जूलिया पैस्टाना' कहकर छेडते थे।

जब सन् 1850 मे सर्कसो और म्यूजियम आदि मे पहली बार वह अपनी नुमाइश के लिए लोगो के सामन पेश हुई तो लोगो पर भय आर कपकपी छा गई। कुछेक एस भी थे, जिन्होने इसके पूर्व इतना भयानक दृश्य दखा ही नही था।

जूलिया सन् 1832 मे पदा हुई थी। उसका कद कवल 137 16 सेमी (4½') था। उसके चेहरे का अधिकाश भाग और माथा चमकीले काल बालो से ढका हुआ था। उसके बाज ओर वक्षस्थल भी बाला से भरे हुए थे। उसके कान बहुत बडे-बडे थे। उसकी नाक बहुत चौडी ओर नथन बहुत बडे थे। उसके हाठ बहुत माटे ओर बुरी तरह विगडे हुए थे। उसका मुह नीचे से बहुत मोटा ओर भारी था। देखने म वह हू-ब-हू गोरिल्ला जसी लगती थी। उसके दात ऊच-नीचे बडे ही भयानक आकार के थे।

उसके नारी स्वरूप का परिचय-सूत्र एकमात्र वह नाजुक फूल था, जो जूलिया अपने हाथ मे थामा करती थी।

'बेचारी औरत !' दर्शक उसे देखकर उसके बारे मे यही शब्द कहते, परतु यही वह बेचारी ओरत थी, जिसने अमरीकन शोमेन लेट का धनवान बना दिया था।

स्टज पर जूलिया की नुमाइश को ज्यादा दिलचस्प बनान के लिए उसे लोला मोण्टेज (Lola Montez) के स्टाइल मे इस्पानवी नृत्य सिखाया गया, जा उन दिना बहुत ही लोकप्रिय था। वह अपने देश मेक्सिको क गीत भी गाया करती। जब वह नृत्य करती या गीत गाती तो अपनी नजरे दशका से चुरा लेती आर उनक सिरो से ऊपर देखती। उसकी अपनी नजर घुटी-घुटी सी होती। उसक चेहरे पर किसी प्रकार का कोई भाव न हाता।

जूलिया पस्टाना का करीब मे जानन और समझने मे बहुत कम लोग सफल हुए। जो उस जानत हे उनके अनुसार वह गर्मजोश आर अत्यत भावुक स्त्री थी। वह अपन चारो आर क ससार के बार मे बहुत जिज्ञासु थी। उसे पढ़न-लिखने का भी बहुत शौक था।

क्युजरिऑसिटीज आफ नेचुरल हिस्टरी (Curiosities of Natural History) का लेखक फ्रासिस टी बकलेंड (Francis T Buckland) 1857 म जूलिया स मिला और उसके साथ बातचीत की। जब उसकी नुमाइश रीजेण्ट स्टीट लदन मे हा रही थी। बकलेंड ने लिखा, "उसकी आख गहरी काली आर उभरी हुइ थी। उसकी आखो क पपोटे ओर पलक बहुत बडी-बडी थी। उसके सभी लक्षण माथ पर घन बालो और दाढ़ी के कारण अत्यत भयानक हो गए थे, परतु उसका शरीर अत्यत सुडौल आर स्वस्थ था। उसकी मीठी आवाज, सगीत म गहरी दिलचस्पी ओर नृत्य ने उसके व्यक्तित्त्व को सभाल रखा था। वह तीन भाषाए बाल लेती थी।"

जूलिया ने न केवल इग्लेंड बल्कि सारे यूरोप का दौरा किया ओर लागा म अपनी नुमाइश की। वह अपने मनेजर पर निर्भर थी आर उसके लिए अत्यत चाहत का इजहार करती। एक दिन उसके मेनेजर लट (Lent) न उससे शादी की प्राथना की। इ ने कहा, "क्योकि लट उसक कारण कमा रहा है, इसलिए वह उसस र की चिडिया को हमेशा के लिए रखना चाहता है।"

लट को शादी क लिए दुबारा न

सर्वाधिक बदसूरत औरत जूलिया पैस्टाना

की ईर्ष्या उसका कुछ भी नही बिगाड सकी। उसका विवाह जूलिया के साथ हो गया। शादी के दूसरे दिन जूलिया ने कहा था, "वह मुझे केवल मेरी खातिर प्रेम करता है।"

कुछ समय पश्चात् जूलिया गर्भवती हो गई। वह उन दिनों मास्को में अपनी नुमाइश कर रही थी। जब उसने पहले बच्चे को जन्म दिया वह बहुत प्रसन्न थी। जूलिया ने अपने पुत्र को देखने के लिए अधिक

प्रतीक्षा नहीं की। उसे आशा थी कि उसका पुत्र अपने पिता जैसा होगा। परंतु जब उसने अपने पुत्र पर प्रथम नजर डाली तो उसकी सारी आशाओं पर पानी फिर गया। उसके पुत्र का शरीर भी बिल्कुल काला था इतना ही नहीं उसके काले शरीर पर अपनी मां की भांति बाल ही बाल उगे हुए थे।

जूलिया यह गम सहन न कर सकी। उसने अंतिम सांस ली और इस संसार से विदा हो गई। प्रकृति उसके साथ अंतिम समय तक अन्याय और निर्दयता से पेश आई। उसका पुत्र उसकी मृत्यु के बाद कुछ घंटों तक जीवित रहा। वह अशुभ वर्ष 1860 था। जूलिया की उम्र उस समय केवल 28 वर्ष थी।

जूलिया और उसके पुत्र की मृत्यु के कारण लेंट को बहुत हानि हुई। यह हानि व्यक्तिगत थी अथवा आर्थिक जैसा उसके विरोधी कहते हैं। परंतु इस घटना के दौरान उसके जेहन में बहुत ही विचित्र विचार उत्पन्न हुआ। वह जानता था कि मास्को में एक प्रोफेसर सोकोलाफ (Sokoloff) लाशों का परिरक्षण करने में दक्ष है। वह लाशों को इस तरीके से मसाला लगाता है कि वह बिल्कुल जीवित प्रतीत होती हैं। लेंट ने प्रोफेसर की सेवाएं प्राप्त कर लीं। सोकोलोफ ने जूलिया और उसके पुत्र की लाशों को अत्यंत दक्षतापूर्ण ढंग से परिरक्षित किया। लेंट ने अपनी स्थगित की हुई यात्रा पुनः प्रारम्भ की।

यद्यपि अब वह नृत्य और गाने के योग्य न थी, परंतु उसका विचित्र बालों वाला चेहरा कांच के केस से अत्यंत प्रभावित करने वाला दिखाई देता। अब उसमें एक विशेषता परिलक्षित होने लगी थी, वह यह कि अब वह अपने कारण नहीं, बल्कि अपने पुत्र के कारण अधिक से अधिक दर्शकों को प्रभावित करने लगी

फरवरी 1863 में बकलैंड ने इस परिरक्षित लाश को देखा तो वह चकित रह गया। उसने अपने विचार लिखे, "वह शरीर आम नुमाइशी वस्त्रों में ढका हुआ था और उसे मेज पर सीधा खड़ा किया गया था। टांगें और बाजू किसी प्रकार भी सिमटे या छोटे नहीं हुए थे। उसके बाजू छाती आदि अपनी असली हालत की ही तरह गोल और अच्छी तरह बने हुए थे। चेहरा मोम (Wax) के बने हुए पोर्टेट की भांति लगता था। परंतु वह मोम का बना हुआ नहीं था। बहुत ही करीबी अध्ययन से पता चला कि उसकी त्वचा बिल्कुल असली थी। बड़े-बड़े बिगड़े हुए होंठ और चौड़ी नाक हू-ब-हू वैसे ही थे। उसकी दाढ़ी और घने बाल पहले जैसे ही चमक रहे थे।

इंसानी विचित्रता में दिलचस्पी रखने वाले लोग हमेशा इस बात पर सोचते रहे कि जूलिया पेस्टाना का आखिर भाग्य क्या था? क्या उसे कभी भी किसी कब्रिस्तान में दफन किया गया ताकि उसे शांति और आराम मिल सके?

जेनोरा

जूलिया की मृत्यु के 20 वर्ष बाद 1889 में म्यूनिख (पश्चिम जर्मनी) में एक नुमाइश हुई जिसमें एक और पेस्टाना जैसी महिला पेश हुई। उसका नाम मिस जेनोरा (Zenora) था और उसे जूलिया की बहन कहा जाता था हालांकि वह जूलिया की बहन नहीं थी।

जेनोरा के घनी दाढ़ी थी और उसका सारा शरीर बालों के गुच्छों से ढका हुआ था केवल उसकी छातियां के। उसका चेहरा बहुत रूपवान था। उन दिनों वह 20 22 वर्ष की थी। जूलिया की भांति वह नृत्य करना जानती थी। वह अपने कार्य में बहुत दिलचस्पी पैदा करती। संगीत का उसे अच्छा ज्ञान था और विदेशी भाषाएं भी वह जानती थी।

वास्तव में जेनोरा का असली नाम मारिया बारटोल्स और उसके पिता का नाम फ्रान्सिस था। उसकी एक पारम्परिक कहानी के अनुसार मारिया की मां गर्भ के दौरान एक बहुत बड़े कुत्ते से डर गई थी और इस भय का प्रभाव उसकी पुत्री पर हुआ। मारिया का पिता इसे जर्मनी में बड़े स्तर पर पेश करता। एक दिन जब उसकी उम्र 18 वर्ष की थी वह अपने बाग में टहल रही थी कि सहसा टॉफियां और मीठी गोलियों का पैकेट उसके ऊपर आ गिरा। उसने दीवार की दूसरी ओर झांका जहां से यह पैकेट आया था। वहां उसे एक व्यक्ति खड़ा हुआ मिला। उस व्यक्ति ने मधुर आवाज में कहा कि मेरा नाम लेंट है और मैं चाहता हूं कि तुम मेरे साथ विश्व यात्रा पर चलो। बाद में लेंट बारटोल्स से भी मिला और उससे शादी करने की अनुमति चाही यह प्रोग्राम बिल्कुल नहीं है जाए। मारिया के माता खुश हुए और इस प्रकार शादी के बाद लेंट ने उसे

और उसे दाढ़ी बढ़ाने के लिए कहा। कुछ समय पश्चात वह उसे अपने साथ सफर पर ले गया। लैंट ने उसका नाम बदलकर जनारा पस्टाना रख दिया ताकि जूलिया की प्रसिद्धि से लाभ उठाते हुए मारिया को नुमाइश के लिए पेश किया जा सके।

सबसे पहले यह दंपति इंग्लैंड और फ्रांस गया। वहां उसने अपनी दाढ़ी वाली पत्नी की नुमाइश की। लैंट ने अपनी पत्नी को घुड़सवारी भी सिखाई।

दोनों पति-पत्नी ने अपनी यात्रा जारी रखी और काफी धन समेटा। रूस में लैंट ने एक म्यूजियम का प्रबंध किया।

बाद में वह अजीबोगरीब व्यवहार करने लगा। एक दिन वह सेंट पीटर्सबर्ग में एक पुल पर से गुजर रहा था कि सहसा उसने रुपये निकाल कर फाड़ने शुरू कर दिए और फेंकने लगा। उसने कई और पागलपन की हरकतें कीं। उसकी मृत्यु 1884 में दिमागी बीमारी के कारण हो गई।

मारिया अब काफी धनवान हो चुकी थी। मारिया के पिता ने उसे कहा कि वह घर वापस लौट आए, परंतु अपने पिता के दुर्व्यवहार के कारण उसके साथ दुबारा रहना उसके लिए असहनीय हो चुका था, इसलिए वह ड्रेस्डन (Dresdon) में रहने लगी। 46 वर्ष की उम्र में उसने एक 20 वर्षीय नवयुवक से शादी की, जो उसका मैनेजर भी था।

सन् 1900 का वह अभागा वर्ष आ ही गया कि जब मारिया इस संसार से सदा-सदा के लिए चली गई।

खच्चर जैसी शक्ल की औरत ग्रेस मक्डेनियल

ग्रस मक्डनियल (Grace McDaniel) एक खच्चर जसी शक्ल की औरत थी। जर्री हाल्ट मन (Jerry Holt Man) की पुस्तक 'फ्रीक शा मैन' (Freak Show Man) में हैरी लास्टन न ग्रस क स्टज पर आने का एलान किस प्रकार किया जाता था इस सदभ म स्मृति की तस्वीर अतीव रोचक शैली म प्रस्तुत की थी। उसका नमूना इस प्रकार है –

"एक मिनट म मैं ग्रेस को कहने वाला ह कि वह अपने चेहर स नकाब उतार द ताकि आप दख सक कि वह आपको कैसी लगती है। आप इस अधिक दर दखना नही चाहेंगे। इसके अतिरिक्त आप यह सोचना पसद करेंगे कि हम कितन भाग्यवान हैं जो इसकी तरह नहीं, आप सुदर हैं या कवल सरल आप आकर्षक हैं या साधारण। आप अपन भाग्यशील सितारों का शुक्रिया अदा करेंगे कि आप खच्चर जैसी शक्ल की औरत ग्रेस मक डेनियल नहीं।

"जैसे ही ग्रस अपन चेहरे स नकाब उलटती है तो दर्शकों म आह आ आ ! का शोर उठता है क्योंकि वह एक ऐसा भयानक दृश्य होता था जिस देखकर रोंगटे खड होना स्वाभाविक बात हो जाती थी। सही और पूर्णतया रूप म पेश करना तो असम्भव ही ह, मैं कवल कोशिश कर सकता ह। उसका चेहरा लाल सडल मास की भाँति और उसकी ठोडी की शक्ल बुरी तरह बिगडी हुई थी। वह बडी कठिनाई स अपने जबडो को हिला सकती थी, उसके दात ऊच-नीच और नकील, उसकी नाक लम्बी और टेढ़ी-मेढ़ी सी थी। वह भाग जो सबसे ज्यादा उसको खच्चर का रूप दता था, उसक होठ थे। सक्षेप म वह एक ऐसा चेहरा था, जिसे देखकर लोग भय से कापने लगते थे।"

लास्टन के अनुसार कई दशक जिनम पुरुष भी शामिल थे, उसे देखते ही हतप्रभ हो जाते। स्लिम कली (Slim Kelly) ने कहा, "मैंने आज तक इतनी भयानक औरत कहीं नहीं देखी।" परतु ग्रस अपनी भयानक शक्ल क बावजूद भी जिस व्यक्ति स मिली, उस अपन शिष्टाचार और मनोहर व्यक्तित्व से प्रभावित ही किया।

ग्रस मक्डनियल जो खच्चर जैसी शक्ल की औरत थी

एडवर्ड मलोन ने ग्रस के सदर्भ में लिखा है आज तक मैं जितनी दिलचस्प चित्ताकर्षक और शिष्ट महिलाओ स मिला ग्रस उनम से एक ह। वह कई पुरुषों के लिए आकर्षक थी। आप विश्वास कर या न कर उस शादी की कई प्रार्थनाए मिली।'

ग्रस ने आखिर शादी की एक प्रार्थना स्वीकार ही कर ली। वह एक नवयुवक था। शादी के कुछ समय पश्चात ग्रेस को पुत्र रत्न लाभ प्राप्त हुआ। सच! इतना खुश हुआ था ग्रेस का नारी-हृदय पुत्र को पाकर कि मानो उस अपने जीवित होने का संपूर्ण सुफल प्राप्त हो गया हो। उसका पुत्र जब बडा हुआ तो उसने बडी ही कुशलता के साथ अपनी मा की नुमाइश का प्रबंध अपने हाथों म सभाल लिया

बदरनुमा सिर वाला व्यक्ति जिप

बर्नम म्यूजियम के एक विज्ञापन मे जिप का चित्रण इस प्रकार किया गया है—"वह एक जगल की पृष्ठ भूमि मे खडा है—खुरदुरी दृष्टि, जिसका चेहरा मनुष्य के बजाए बदर से ज्यादा मिलता है। उसके हाथ, उगलिया और नाखून बहुत अधिक बढे हुए हैं। उसका शरीर बालो से ढका हुआ है। वह अकथनीय है और एक नयी जाति का प्रतीत होता है।"

हेण्डबिल म लिखा है—"उसे शिकारियो की एक पार्टी ने पकडा, जो एक गोरिल्ले की तलाश मे गम्बिया नदी के किनार जगल मे घूम रहे थे। वे सख्या म 6 थे। ऐसे लोग इन शिकारियो ने पहल कभी नही देख थे। वे सब पूर्णतया नगी हालत मे थे और बदरो तथा बनमानुष स मिलते-जुलते अदाज मे वृक्षो की टहनिया पकडकर उछल कूद रहे थ। बडी कोशिशो के बाद शिकारी उनमे स तीन का कब्जे म लने मे सफल हो सके। उनमे से एक व्यक्ति वर्तमान है, शेष दोनो की मृत्यु हो गई। जब वह पहली बार यहा आया तो वह अपनी प्राकृतिक हालत यानी चारा हाथो पाव पर चलता था। प्रारम्भ मे वह कच्चा मास, स्वादिष्ट सेब, सतर और सूखे फल खाता था और रोटी को हाथ नही लगाता था।"

वस्तुत जिप अमरीकन हब्शी था। उसका सिर शक्वाकार था। वह सिर के बाल प्रतिदिन उस्तर से साफ करता था, जिससे उसका शक्वाकार सिर और भी ज्यादा स्पष्ट हो जाता था।

एक ऐसा व्यक्ति जिसका सिर और माथा जिप की भाति छोटा हो, उसे मेडिकल भाषा मे 'माइक्रोसफस' (Microcephaus) कहते हैं, आम भाषा म उस पिन हेड (Pin head) या सुई जेसा सिर कहा जाता है। खोपडी की ऐसी आकृति कमजोर मस्तिष्क से सबंधित होती है, परतु जिप की बुद्धि से यह सिद्ध नही होना,

जिप जिसकी शक्ल बदर जैसी थी

हाथीनुमा इसान

'हाथीनुमा इसान' नाम था उसका मेरिक (Merrick)। उसने बहुत ही छोटा जीवन पाया था। वह अपने 27 वर्षीय जीवन मे उन लोगो के लिए भय का कारण बना, जिन्होने उसे देखा। उसके सारे शरीर पर त्वचा के नीचे और हड्डियो मे स्नायु-तत्र के चारो ओर असख्य ग्रथियाँ थी। उसका शरीर इतना विचित्र और भद्दा था कि वह गलियो मे अपने आपको दिखाने का साहस नही कर सकता था। जब वह बाहर निकलता तो अपना चेहरा एक बहुत बड़े हेट मे छुपा लेता और अपने शरीर के चारो ओर कम्बल लपेट लेता।

मेरिक की बीमारी आनुवशिक (Genetic) जैसे परिवर्तन के कारण थी। उसका इलाज करना असम्भव था। खानाबदोश सर्कस वाले उसे लेकर जगह-जगह घूमते रहे और उसकी नुमाइश करते रहे। 1884 मे मेरिक का अभागा सितारा चमका। उसकी सर फ्रेडरिक ट्रवेस (Sir Frederick Treves) से जान पहचान हो गई। फ्रेडरिक ट्रवेस बहुत योग्य और प्रसिद्ध सर्जन और शाही परिवार का डॉक्टर था। यह डॉक्टर मेरिक का सरक्षक बन गया। इस प्रकार मेरिक के जीवन के अतिम 5 वर्ष अत्यत खुशी के वातावरण मे व्यतीत हुए। मेरिक की मृत्यु के पश्चात फ्रेडरिक ट्रवेस ने अपनी पुस्तक The Elephant Man and Other Reminiscences मे उसके जीवन से सबधित अतिरोचक वर्णन किया है।

माइल ऐण्ड रोड पर लदन अस्पताल के सामने छोटी-छोटी दूकानो की एक पक्ति थी। उनमे एक दूकान पर कैनवस का पर्दा लटका हुआ था जिस पर हाथीनुमा इसान की नुमाइश के सम्बन्ध मे एलान लिखा हुआ था। पर्दे पर उस व्यक्ति का चित्र पेंट किया गया था। उस चित्र से यह अनुभव होता था कि वह एक ऐसा भयानक जीव था, जिसे केवल स्वप्न मे ही देखना सम्भव था, परन्तु उस जीव मे दरिन्दगी के बावजूद इसानी रग स्पष्ट था। इस ऐलान मे उसके सौदर्य से सहानुभूति तक मनुष्य की विचित्रता कहीं नहीं मिलती थी, परतु इस व्यक्ति को गदे और घटिया शब्दो से जानवर के रूप मे पेश किया गया था। चित्र की पृष्ठभूमि मे बहुत बड़े-बड़े झाड़ीदार पेड़ थे, जिससे जहन मे जगल का विचार लाना और यह बताने का उद्देश्य था कि इस दरिन्दानुमा इसान का वास्तविक स्थान और मजिल जगल था।

मेरिक हाथीनुमा इसान

जब मुझे इस नुमाइश के सम्बंध में पता चला तो वह नुमाइश समाप्त हो चुकी थी। परंतु एक मलाजिम लड़के के द्वारा कुछ अधिक दिन पर मैं इस हाथीनमा इसान को देख सका। दुकान खाली थी परंतु धूल और मिट्टी से अटी हुई। प्रकाश बिल्कुल धीमा और धुंधला था। दुकान के अंतिम सिरे पर एक लाल रंग का पर्दा लटका हुआ था। कमरा बहुत ठंडा और सीलन युक्त था। उन दिनों नवम्बर का महीना था और वर्ष 1884 का था।

शोमैन ने जैसे ही पर्दा उठाया, दिखाई पड़ा कि एक स्टूल पर गर्म कम्बल ओढ़े हुए और झुकी कमर के साथ सरिक बैठा हुआ है। जब पर्दा उठाया गया, मैं बिल्कुल अपने स्थान से नहीं हिला। एक खाली दुकान में धीमे और धुंधले प्रकाश की छाया में झुकी हुई यह प्रतिमा एकांत और अकेलेपन का उदाहरण थी। ऐसा प्रतीत होता था कि वह दरिंदों से डर कर एक अंधेरी गुफा में छुपा हुआ है। दुकान के बाहर सूर्य चमक रहा था और उसकी किरण प्रत्येक व्यक्ति को स्वतन्त्रता मित्रता और संताप का संदेश दे रही थी।

शोमैन बिजली की तरह कड़का, ' खड़े हो जाओ।' और वह एकाकी झुकी हुई प्रतिमा धीरे-धीरे खड़ी हो गई, कम्बल को अपने सिर और कमर से अलग करते हुए। उस क्षण मेरे सामने मानवता का सर्वाधिक भयानक नमूना खड़ा था। मैंने डॉक्टर बनने के पश्चात् अस्पताल में सैकड़ों डरावने चेहरे देखे, परंतु कभी भी ऐसी भयानक शक्ल नहीं देखी थी।

वह कमर तक नंगा था और उसके पांव भी नंगे थे। उसने धागों का बुना हुआ पाजामा पहन रखा था, जो शायद किसी मोटे आदमी का ड्रेस सूट रह चुका था।

उसका बदसूरत सिर

